दैनिक जागरण 20/02/2026

नेतृत्व में महिलाओं की चुनौती और अवसर पर किया विचार

जीएमएन कालेज में समूह चर्चा के दौरान शामिल विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

अंबाला • विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा लैंग्वेज लैब तथा यंग स्पीकर्स क्लब के सहयोग से विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए "नेतृत्व में महिलाओं की चुनौतियां और अवसर" विषय पर एक समूह चर्चा का आयोजन किया गया। चर्चा की शुरुआत संयोजक डा. अमित कुमार द्वारा विषय की भूमिका प्रस्तुत कर की गई। कुछ प्रतिभागियों ने महिलाओं के नेतृत्व के सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला, जैसे- ज्ञान में वृद्धि, संचार कौशल में सुधार तथा नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि महिलाओं को नेतृत्व के लिए सशक्त बनाना केवल समानता का प्रश्न नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक प्रगति की अनिवार्यता है। इस मौके पर महक, डा. कमलेश, डा. ज्योति सोरोत, डा. अंशु, डा. नीना, हर्षिता तथा जसमिता हांडा और रितिका आदि मौजूद रहे।